वेनिस सिम्पलॉन-ओरिएंट एक्सप्रेस (VSOE), इंग्लैंड में बेलमंड ब्रिटिश पुलमैन, गोल्डन ईगल जैसी आलीशान रेलगाड़ियाँ, यूरोप में डेन्यूब एक्सप्रेस, रूस, मध्य एशिया व चीन में गोल्डन ईगल, अफ्रीकी महाद्वीप में रोवोस रेल, मध्य एशिया एवं चीन में शांगरी-ला एक्सप्रेस, सभी उन मार्गों पर चल रही थीं जो या तो अंतरराष्ट्रीय मार्ग एवं अपने देश में थे या किसी अन्य देश की अन्य आलीशान रेलगाड़ियों के सहयोग से संचालित थे। उदाहरण के लिए, रोवोस रेल 15 दिन, 14 रातों की यात्रा प्रस्ताव देता है जो अफ्रीकी महाद्वीप के पांच अलग-अलग देशों से गुजरता है। इसी तरह, 'द सिल्क रोड' (बीजिंग से मॉस्को) रेलगाड़ी को गोल्डन ईगल द्वारा चीनी हिस्से वाले मार्ग में शांगरी-ला एक्सप्रेस के सहयोग से चलाया जाता है। सफलतापूर्वक सीमा पार करने पर, अतिथियों को गोल्डन ईगल से शांगरी-ला एक्सप्रेस में स्थानांतरित कर दिया जाता है। इसलिए, आलीशान रेलगाड़ियों के बीच अंतरराष्ट्रीय यात्राएं व सहयोग, जबकि 'सिल्क रोड' जैसे विषयगत यात्रा कार्यक्रम के तहत, पर्यटकों को संतुष्टि एवं पैसे के सही मूल्य की प्राप्ति की भावना देता है, क्योंकि वे एक से अधिक देश एवं एक आलीशान रेलगाड़ी का अनुभव करते हैं। चूंकि आलीशान रेलगाड़ियों में यात्रा करने वाले यात्री भारी मात्रा में पैसा खर्च करते हैं, इसलिए वे संतुष्टि के उच्चतम स्तर की अपेक्षा करते हैं, जो कि अन्य देशों में अंतरराष्ट्रीय व सहयोगी यात्राओं से मिलता-जुलता प्रतीत होता है।




***चित्र 4: गोल्डन ईगल और शांगरी-ला एक्सप्रेस सिल्क रोड (स्रोत: गोल्डन ईगल लक्ज़री ट्रेनें)***

उल्लेखनीय है कि, भारत की बौद्ध परिपथ पर्यटक रेलगाड़ी वर्तमान में लुंबिनी, नेपाल हेतु एक अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रस्तुत कर रही है। इसलिए, यह अनुशंसा की जाती है कि नए विषयगत मार्ग एवं यात्रा कार्यक्रम बनाते हुए भारत, बांग्लादेश, नेपाल तथा पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों के बीच अंतरराष्ट्रीय यात्राएं प्रस्तुत की जाएं। उदाहरण के लिए, उपमहाद्वीप के सभी प्रमुख स्थानों तक फैले हुए मुगल परिपथ की यात्रा या सिंधु घाटी सभ्यता परिपथ को शामिल करने वाला एक यात्रा कार्यक्रम। दो या दो से अधिक देशों (गोल्डन ईगल और शांगरी-ला एक्सप्रेस के समान) के बीच रेलवे सहयोग के माध्यम से इस तरह के यात्रा कार्यक्रमों को भी तैयार किया जा सकता है। इससे न केवल आलीशान

रेलगाड़ियों में यात्री संख्या बढ़ेगी बल्कि पश्चिमी पर्यटकों को भारत व अन्य देशों के बीच कूटनीति के माध्यम के रूप में कार्य करते हुए उपमहाद्वीप का समग्र अनुभव भी मिलेगा।

### *(बी) तट से तट मार्ग (ऑस्ट्रेलियाई मॉडल)*

तुलनीय भौगोलिक क्षेत्र वाले देशों में शाही ट्रेनें, जैसे रूस में गोल्डन ईगल, ऑस्ट्रेलिया में द घान व इंडियन पैसिफिक, कनाडा में कनाडियन, तट-से-तट मार्गों की यात्रा प्रस्तुत करती हैं, जो उस देश की संपूर्ण भौगोलिक सीमाओं जो या तो उत्तर से दक्षिण तक या पूर्व से पश्चिम तक को समाविष्ट करती है। रूस में गोल्डन ईगल एकमात्र रेलगाड़ी है जो अंतरराष्ट्रीय यात्रा के साथ-साथ तट-से-तट यात्रा की पेशकश करते हुए दोनों मूल्य आदर्श को प्रभावित करती है, जबकि ऑस्ट्रेलिया और कनाडा की आलीशान रेलगाड़ियाँ केवल अंतरमहाद्वीपीय (तट-से-तट) यात्रा प्रदान करती हैं। भारत की समृद्ध स्थलाकृति और परिदृश्य को देखते हुए, प्रमुख भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों को इन मार्गों पर संचालन की असीमित क्षमता है। चूंकि उपभोक्ता अत्यधिक मूल्य का भुगतान करते हैं, वे स्वाभाविक रूप से उस देश के एक विशाल भाग को देखने की उम्मीद करते हैं जिसकी वे यात्रा करते हैं। वर्तमान परिदृश्य में, भारतीय आलीशान रेलगाड़ियाँ मुख्य रूप से केवल राजस्थान एवं महाराष्ट्र राज्यों पर ध्यान केंद्रित करती हैं। पर्यटकों को भारतीय विविधता की एक झलक दिखने हेतु इन राज्यों से आगे जाने वाले नए मार्गों पर यात्रा शुरू करने की आवश्यकता है। एक बड़े भौगोलिक क्षेत्र को समाविष्ट करते हुए दीर्घ मार्गों पर भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों की शुरूआत करके एवं मध्यवर्ती बुकिंग की शुरुआत करके, यात्री संख्या की कम दर को काफी हद तक बढ़ाया जा सकता है।




*चित्र 5: घन की तट-से-तट यात्रा (स्रोत: जर्नी बियॉन्ड ग्रुप)*

### *4.1.2 विचारार्थ विषय 2:*

***भारत में आलीशान रेलगाड़ियों के संचालन को प्रभावित करने वाले कारक***

इस विचारार्थ विषय का मुख्य उद्देश्य आलीशान रेलगाड़ियों के संचालन को सकारात्मक एवं नकारात्मक तरीके से प्रभावित करने वाले संभावित कारकों की पहचान करना था। इस उद्देश्य के लिए प्रत्येक सेवा प्रदाता (आलीशान रेलगाड़ी कर्मचारी एवं ट्रैवल एजेंट) प्रश्नावली में चार प्रश्न शामिल किए गए थे। उत्पाद प्रोफ़ाइल तुलना के आधार पर अन्य महत्वपूर्ण कारकों जैसे वित्तीय स्थिरता, यात्री संख्या, क्षमता, कार्यक्रम, अवधि आदि पर चर्चा की गई।

*प्रश्न संख्या 3 (प्रथम प्रश्नावली) और प्रश्न संख्या 2 (द्वितीय प्रश्नावली)*

*पर्यटकों द्वारा आलीशान रेलगाड़ियों के टिकटों की खरीद से संबंधित पूछताछ प्राप्ति की वार्षिक दर क्या है?*

इस प्रश्न के उत्तर पाँच सूत्री लिकर्ट पैमाने पर आधारित थे और नीचे दिए गए हैं:

***तालिका 7: पर्यटकों से आलीशान रेलगाड़ियों के टिकटों की खरीद सम्बंधित पूछताछ प्राप्ति की वार्षिक दर (आलीशान रेलगाड़ियों के शासी निकाय के कर्मचारियों के अनुसार)***

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| निम्नतम | निम्न | मध्यम | उच्च | उच्चतम |
| 2.4% | 3.7% | 39% | 32.9% | 22% |

तालिका 7 में दिए गए उत्तरों के अनुसार, 39% कर्मचारियों को आलीशान रेलगाड़ी टिकटों की खरीद के संबंध में पूछताछ की 'मध्यम' दर प्राप्त हुई। इसी तरह, 32.9% कर्मचारियों ने कहा कि उन्हें प्रति वर्ष  पर्यटकों से पूछताछ की 'उच्च' दर प्राप्त होती है।

***तालिका 8: पर्यटकों से आलीशान रेलगाड़ियों के टिकटों की खरीद सम्बंधित पूछताछ प्राप्ति की वार्षिक दर दर (ट्रैवल एजेंटों के अनुसार)***

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| निम्नतम | निम्न | मध्यम | उच्च | अधिकतम |
| 18.5% | 29.6% | 29.6% | 18.5% | 3.7% |

तालिका 8 में दिए गए उत्तरों के अनुसार, 29.6% ट्रैवल एजेंटों को आलीशान रेलगाड़ियों के टिकटों की खरीद संबंधी पूछताछ की 'मध्यम' और 'निम्न' दर प्राप्त हुई। इसके विपरीत, 18.5% ट्रैवल एजेंटों ने पूछताछ की 'उच्च' दर प्राप्त की। इस प्रकार, ये परिणाम, आलीशान रेलगाड़ियों के शासी निकाय के कर्मचारियों की तुलना में ट्रैवल एजेंटों द्वारा प्राप्त प्रश्नों की वार्षिक दर में अंतर दर्शाते हैं। प्रथम दृष्टया इस अंतर हेतु, आलीशान रेलगाड़ी में बुकिंग की बिखरी हुई स्थिति को इसके लिए जिम्मेदार

ठहराया जा सकता है। पूछताछ की दर में असमानता वास्तविक पूछताछ (खरीदने के इरादे से) और आकस्मिक पूछताछ (सूचना उद्देश्यों के लिए) के बीच अंतर का परिणाम भी हो सकती है।




**चित्र 6: पर्यटकों से प्राप्त प्रश्नों की वार्षिक दर (आलीशान रेलगाड़ियों के शासी निकाय और ट्रैवल एजेंटों के कर्मचारियों के अनुसार)**

***प्रश्न संख्या 5 (प्रथम प्रश्नावली) एवं प्रश्न संख्या 4 (द्वितीय प्रश्नावली)***

*यात्रा पूरी होने के दौरान और बाद में शिकायतों की दर क्या है?*

उत्तर: *तालिका 9 और 10 में दिए गए हैं.*

***तालिका 9: यात्रा के दौरान व बाद में प्राप्त शिकायतों की वार्षिक दर (आलीशान रेलगाड़ियों के शासी निकाय के कर्मचारियों के अनुसार)***

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| हर बार | लगभग हर बार | कभी-कभी | लगभग नहीं | कभी नहीं |
| 1.1% | 1.1% | 36.8% | 60.9% | 0% |

तालिका 9 में दिए गए उत्तरों के अनुसार, 60.9% कर्मचारियों को यात्रा में एवं यात्रा के बाद 'लगभग नहीं' शिकायतें प्राप्त हुईं। इसके विपरीत, 36.8% कर्मचारियों को 'कभी-कभी' पर्यटकों से शिकायतें प्राप्त हुईं। ये परिणाम भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों की यात्रा के दौरान सेवाओं के साथ पर्यटकों की संतुष्टि के उच्च स्तर को दर्शाते हैं।

***तालिका 10: दौरे के दौरान और बाद में प्राप्त शिकायतों की दर (ट्रैवल एजेंटों के अनुसार)***

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| हर बार | लगभग हर बार | कभी-कभी | लगभग नहीं | कभी नहीं |
| 0% | 3.7% | 55.6% | 20.4% | 20.4% |

तालिका 10 में दी गई प्रतिक्रियाओं के अनुसार, 55.6% ट्रैवल एजेंटों को 'कभी-कभी' यात्रा के दौरान तथा यात्रा के बाद शिकायतें प्राप्त हुईं। इन शिकायतों के लिए पर्यटकों की अभिरुचि को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है जैसे अनुभव की समग्र गुणवत्ता, चुकाए मूल्य की भरपाई, जिन समावेशों का वादा किया गया वे प्राप्त नहीं होना आदि, न कि चलित कर्मचारियों की सेवाओं (आतिथ्य) के लिए।




*चित्र 7: दौरे के दौरान और बाद में प्राप्त शिकायतों की दर*

### *प्रश्न संख्या 6 (प्रथम प्रश्नावली) और प्रश्न संख्या 5 (दूसरी प्रश्नावली)*

*क्या यात्रा रद्द/ पुनर्योजन के मामले में पर्यटक संतुष्ट हैं?*

यात्रा रद्द करने एवं पुनर्योजन करने पर पर्यटकों की संतुष्टि के संबंध में प्रतिक्रियाओं को पांच-बिंदु लिकर्ट पैमाने पर लिया गया और तालिका 11 और 12 में दिया गया है:

***तालिका 11: यात्रा रद्द/पुनर्योजन पर पर्यटकों की संतुष्टि (आलीशान रेलगाड़ियों के शासी निकाय के कर्मचारियों के अनुसार)***

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| अति असंतुष्ट | असंतुष्ट | अनिश्चित | संतुष्ट | अति संतुष्ट |
| 9% | 25.6% | 11.5% | 19.2% | 34.6% |

तालिका 11 में दिए गए उत्तरों के अनुसार आलीशान रेलगाड़ियों में काम करने वाले कुल 53.8% कर्मचारियों ने कहा कि पर्यटक यात्राएं रद्द/ पुनर्योजन पर संतुष्ट रहे। इस लिहाज से वे रेलगाड़ी की रद्द करने की नीतियों से सहमत पाए गए।

***तालिका 12: यात्रा रद्द/पुनर्योजन पर पर्यटकों की संतुष्टि (ट्रैवल एजेंटों के अनुसार)***

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| अति असंतुष्ट | असंतुष्ट | अनिश्चित | संतुष्ट | अति संतुष्ट |
| 3.8% | 52.8% | 30.2% | 13.2% | 0% |

तालिका 12 के अनुसार कुल 56.6% ट्रैवल एजेंटों ने पर्यटकों को आलीशान रेलगाड़ी यात्राओं के रद्द होने और पुनर्निर्धारण से असंतुष्ट होने की पुष्टि की। इसके विपरीत, 30.2% ट्रैवल एजेंट अनिश्चित थे कि पर्यटक यात्रा रद्द करने एवं पुनर्योजन से संतुष्ट हैं या नहीं।




***चित्र 8: यात्रा रद्द/पुनर्योजन पर पर्यटकों की संतुष्टि (आलीशान रेलगाड़ियों के शासी निकाय और ट्रैवल एजेंटों के कर्मचारियों के अनुसार)***

***प्रश्न संख्या 8 (पहली प्रश्नावली) और प्रश्न संख्या 7 (दूसरी प्रश्नावली)***

*क्या पर्यटक रेलगाड़ी चलाने की समय-सारणी और रास्ते में आने वाले गंतव्यों/परिपथ से संतुष्ट हैं?*

*इस प्रश्न के उत्तर तालिका 13 और 14 में दिए गए हैं.*

***तालिका 13: रेलगाड़ी की समय सारिणी और मार्ग में गंतव्यों के साथ पर्यटकों की संतुष्टि (आलीशान रेलगाड़ियों के शासी निकाय के कर्मचारियों के अनुसार)***

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| अति असंतुष्ट | असंतुष्ट | अनिश्चित | संतुष्ट | अति संतुष्ट |
| 2.4% | 0% | 27.1% | 55.3% | 15.3% |

तालिका 13 में दिए उत्तरों के अनुसार, 55.3% कर्मचारी पर्यटकों को वर्तमान समय-सारणी और भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले गंतव्यों से 'संतुष्ट' मानते हैं। दूसरी ओर, 27.1% कर्मचारी 'अनिश्चित' थे कि पर्यटक संतुष्ट हैं या नहीं।

***तालिका 14: रेलगाड़ी की समय सारिणी और मार्ग के गंतव्य स्थलों के साथ पर्यटकों की संतुष्टि (ट्रैवल एजेंटों के अनुसार)***

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| अति असंतुष्ट | असंतुष्ट | अनिश्चित | संतुष्ट | अति संतुष्ट |
| 1.9% | 3.8% | 19.2% | 42.3% | 32.7% |

तालिका 14 में दी गई प्रतिक्रियाओं के अनुसार, 42.3% ट्रैवल एजेंटों ने पर्यटकों की वर्तमान समय-सारणी और विभिन्न भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों के मार्ग में गंतव्य स्थलों से 'संतुष्ट' होने को पहचाना। इसके अतिरिक्त, 32.7% ट्रैवल एजेंटों ने कहा कि पर्यटक मौजूदा समय-सारणी एवं मार्ग में आने वाले गंतव्यों से अति संतुष्ट थे। आलीशान रेलगाड़ी के कर्मचारियों व ट्रैवल एजेंटों की प्रतिक्रियाओं में निरंतरता भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों की समय सारणी एवं मार्गों के बारे में पर्यटकों के अति संतुष्टि स्तर को दर्शाती है।




**चित्र 9: रेलगाड़ी की समय सारिणी और रास्ते में आने वाले गंतव्य स्थलों के साथ पर्यटकों की संतुष्टि (आलीशान रेलगाड़ियों के शासी निकाय एवं ट्रैवल एजेंटों के कर्मचारियों के अनुसार)**

अन्य दो प्रश्नावलियों की तरह ही, आलीशान रेलगाड़ियों की सेवाओं का अनुभव करने वाले घरेलू और विदेशी पर्यटकों के सर्वेक्षण के लिए तीसरी प्रश्नावली में पांच प्रश्न शामिल किए गए थे।

***प्रश्न संख्या 8 (तीसरी प्रश्नावली)***

*क्या आप इस लक्ज़री टूरिस्ट रेलगाड़ी द्वारा पेश किए जाने वाले सभी उत्पादों के बारे में जानते हैं जिसमें आप अभी यात्रा कर रहे हैं या यात्रा कर चुके हैं?*

भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों द्वारा पेश किए जा रहे उत्पादों के बारे में समग्र जागरूकता नीचे दी गई है:

***तालिका 15: प्रस्तुत किये जा रहे सभी उत्पादों के बारे में पर्यटकों की जागरूकता***

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| बिल्कुल जागरूक नहीं | थोड़ा जागरूक | कुछ हद तक जागरूक | मध्यम जागरूकता | अति जागरूकता |
| 3.3% | 4.9% | 7% | 49% | 35.8% |

उपरोक्त तालिका और आंकड़ों से पता चलता है कि 49% पर्यटक भारतीय आलीशान पर्यटक रेलगाड़ियों द्वारा पेश किए जाने वाले सभी उत्पादों के बारे में 'माध्यम जागरूक' हैं। इसके विपरीत,

35.8% पर्यटक प्रस्तुत किए जा रहे उत्पादों के बारे में 'अति जागरूक' थे। हालांकि, परिणामों से संकेत मिलता है की बेहतर मार्केटिंग रणनीतियों की अधिक आवश्यकता हैं।




*चित्र :10 प्रस्तुत किये जा रहे सभी उत्पादों के बारे में पर्यटकों की जागरूकता*

*प्रश्न संख्या 10 (तीसरी प्रश्नावली)*

*क्या आप आलीशान रेलगाड़ी टिकट की कीमत से संतुष्ट हैं?*

लक्ज़री रेलगाड़ी टिकटों के मूल्य निर्धारण के साथ पर्यटकों की संतुष्टि का स्तर नीचे दिया गया है:

***तालिका 16: आलीशान रेलगाड़ी के टिकट मूल्य निर्धारण से पर्यटकों की संतुष्टि***

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| बिल्कुल संतुष्ट नहीं | थोड़ा संतुष्ट | मध्यम संतुष्ट | बहुत संतुष्ट | पूर्ण संतुष्ट |
| 1.3% | 2.9% | 21.3% | 47.1% | 27.5% |




*चित्र :11 आलीशान रेलगाड़ी के टिकट मूल्य निर्धारण से पर्यटकों की संतुष्टि*

उपरोक्त तालिका में दी गई प्रतिक्रियाओं के अनुसार, 47.1% पर्यटक भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों के टिकटों के मूल्य से 'बहुत संतुष्ट' थे, जबकि 27.5% पर्यटकों ने 'पूर्ण संतुष्ट' महसूस किया।

*प्रश्न संख्या 11 (तीसरी प्रश्नावली)*

*यात्रा में आपके द्वारा अनुभव की गई समग्र यात्रा सेवाओं का मूल्यांकन करें?*

***तालिका 17: पर्यटकों का समग्र यात्रा सेवा अनुभव***

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| ख़राब | निष्पक्ष | अच्छा | बहुत अच्छा | उत्कृष्ट |
| 0% | 0.8% | 9.3% | 47.6% | 42.3% |

*तालिका 17 में प्रस्तुत प्रतिक्रियाओं के अनुसार, भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों में यात्रा करने वाले 47.6% घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों ने यात्रा सेवाओं को 'बहुत अच्छा' और 42.3% पर्यटकों ने इसे 'उत्कृष्ट' बताया।*




***चित्र :12 पर्यटकों के समग्र यात्रा सेवा अनुभव***

*प्रश्न संख्या 12 (तीसरी प्रश्नावली)*

*क्या आप रेलगाड़ी में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सहज हैं?*

***तालिका 18: यात्रा में सुरक्षा व सुरक्षा व्यवस्था के साथ पर्यटकों की सुविधा***

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| अत्यंत असहज | कुछ असहज | सामान्य | कुछ हद तक सहज | अत्यंत सहज |
| 0.8% | 1.2% | 5.7% | 29.7% | 62.6% |

तालिका 18 में दी गई प्रतिक्रियाओं के अनुसार, 62.6% पर्यटक भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों में सुरक्षा व सुरक्षा व्यवस्था के साथ 'अत्यंत सहज' थे, जबकि उनमें से 29.7% 'कुछ हद तक सहज' थे।




*चित्र :13 ऑन-बोर्ड सुरक्षा और सुरक्षा व्यवस्था के साथ पर्यटकों की सुविधा*

### *प्रश्न संख्या 13 (तीसरी प्रश्नावली)*

*क्या इस रेलगाड़ी को चलाने की अवधि एवं समय सारिणी आपको स्वीकार्य है?*

***तालिका 19: रेलगाड़ी की समय सारिणी एवं अवधि की स्वीकार्यता***

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| अस्वीकार्य | थोड़ा अस्वीकार्य | तटस्थ | थोड़ा स्वीकार्य | स्वीकार्य |
| 0% | 2.1% | 14.6% | 39.6% | 43.8% |

उपरोक्त तालिका से पता चलता है कि, 39.6% पर्यटकों को रेलगाड़ियों की अवधि एवं समय सारणी 'थोड़ा स्वीकार्य' थी। जबकि उनमें से 43.8% के लिए यह 'स्वीकार्य' थी। ये परिणाम कर्मचारी एवं ट्रैवल एजेंटों की प्रतिक्रियाओं के अनुरूप हैं, जिससे परिणाम की पुष्टि होती है।




*चित्र 14: रेलगाड़ी की समय सारिणी और अवधि की स्वीकार्यता*

## *निष्कर्ष एवं अनुशंसाएं*

इस विचारार्थ विषय का प्राथमिक उद्देश्य किसी भी प्रकार से आलीशान रेलगाड़ियों के संचालन को प्रभावित करने वाले संभावित कारकों की पहचान करना था। इस उद्देश्य हेतु, प्रश्नावली की सहायता (विभिन्न हितधारकों के बीच) एवं विचारार्थ विषयों हेतु किए गए तुलनात्मक उत्पाद प्रोफ़ाइल विश्लेषण के माध्यम से विविध जानकारी मांगी गई थी। आलीशान रेलगाड़ियों के संचालन को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण कारकों के रूप में निम्नलिखित कारकों की पहचान की गई:

### *(i) जागरूकता की कमी और अनुचित विज्ञापन*

***प्रथम प्रश्नावली में प्रश्न क्रमांक 3*** और ***दूसरी प्रश्नावली में प्रश्न संख्या 2*** आलीशान रेलगाड़ी टिकटों की खरीद के लिए सेवा-प्रदाताओं द्वारा प्राप्त पूछताछ की वार्षिक दर का अनुमान लगाने का प्रयास किया गया। जबकि कर्मचारियों के एक बड़े भाग (54.9%) ने दावा किया कि उन्हें टिकटों की खरीद के संबंध में अक्सर पूछताछ की जाती है, लगभग 39% कर्मचारियों ने कहा कि उन्हें हर साल पर्यटकों से पूछताछ की दर केवल मध्यम होती हैं। दूसरी ओर, 59.2% ट्रैवल एजेंटों का कहना था कि उन्हें पर्यटक द्वारा पूछताछ करने की वार्षिक दर आम तौर पर मध्यम से निम्न थी। ये परिणाम, ट्रैवल एजेंटों और आलीशान रेलगाड़ी कर्मचारियों से पर्यटकों द्वारा की गई पूछताछ की वार्षिक दर में असमानता प्रदर्शित करते हुए, वास्तविक पूछताछ (मतलब क्रय की इच्छा से) एवं आकस्मिक पूछताछ (मतलब, केवल जानकारी हेतु) के बीच के अंतर को दर्शाते हैं। इन परिणामों को और अधिक मान्य करने के लिए, पर्यटकों से ***तीसरी प्रश्नावली में प्रश्न संख्या 8 के माध्यम से मौजूदा भारतीय आलीशान रेलगाड़ी के उत्पादों के बारे में पूछा गया था।*** भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों में सवार 49% पर्यटक प्रस्तुत किए जा रहे समस्त उत्पादों के बारे में केवल थोड़े से जागरूक थे। ये निष्कर्ष, सामूहिक रूप से, बेहतर प्रचार रणनीतियों की आवश्यकता बताते हैं, जिससे नवीन ग्राहकों या आम लोगों को देश की आलीशान रेलगाड़ियों के कामकाज के बारे में उत्तम जानकारी हो। अतः, यह अनुशंसा की जाती है कि फिल्मों के माध्यम से आलीशान रेलगाड़ियों का विज्ञापन किया जाए, क्योंकि पर्यटकों एवं उनकी यात्रा बुकिंग पर उनका अधिक प्रभाव पड़ता है। उदाहरणार्थ, "मर्डर ऑन द ओरिएंट एक्सप्रेस" उपन्यास (1934) और फिल्म (2017) के आने के बाद वेनिस सिम्पलॉन ओरिएंट एक्सप्रेस (पूर्व में ओरिएंट एक्सप्रेस) के बारे में लोगों की जानकारी रॉकेट की तेजी से बढ़ी।

### *(ii) समग्र पर्यटक अनुभव (पैसे का मूल्य)*

***पहली प्रश्नावली में प्रश्न क्रमांक 5*** एवं ***दूसरी प्रश्नावली में प्रश्न क्रमांक 4*** के द्वारा अधिकारियों से उन्हें यात्रा के दौरान और बाद में प्राप्त शिकायतों की दर से सबंधी जानकारी चाही गई थी। 60.9% कर्मचारियों ने कहा कि उन्हें पर्यटकों से 'लगभग कभी' शिकायत नहीं मिली। इसके विपरीत, 55.6% ट्रैवल एजेंटों ने कहा कि उन्हें कभी-कभी यात्रा के दौरान एवं बाद में पर्यटकों से शिकायतें प्राप्त होती हैं। ट्रैवल एजेंटों तथा आलीशान रेलगाड़ी कर्मचारियों के बीच शिकायतों की दर में अंतर, शिकायतों की संभावित प्रकृति को दर्शाता है। इन शिकायतों को पर्यटक चिंताओं के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है जैसे, पैकेज के 'पैसा बसूली' घटक, वादा किए गए समावेशन में कमी, बुनियादी ढांचे के बारे

में शिकायत जो चलित कर्मचारियों के दायरे से बाहर हैं आदि। शिकायतें, हालांकि, चलित कर्मचारियों की सेवाओं (आतिथ्य) से जुड़ा प्रतीत नहीं होता, क्योंकि 89.9% पर्यटक भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों में प्रदान की जा रही सेवाओं से अत्यधिक संतुष्ट थे *(तीसरी प्रश्नावली में प्रश्न संख्या 11)* इसके अलावा, *तीसरी प्रश्नावली में प्रश्न संख्या 12* द्वारा भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों में वर्तमान सुरक्षा व सुरक्षा व्यवस्था के साथ पर्यटकों ने आराम के बारे में पूछा गया। 92.3% पर्यटक, जिन्होंने भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों की सेवाओं का अनुभव किया था, मौजूदा व्यवस्थाओं से संतुष्ट थे। हालांकि, विचारार्थ विषय के पहले भाग में पहली अवधि के हिस्से के रूप में की गई उत्पाद प्रोफ़ाइल तुलना के आधार पर, यह अनुशंसा की जाती है कि भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों में चिकित्सा सहायता को प्राथमिकता दी जाए, ताकि उन्हें एक उत्तम सुसज्जित स्थान बनाया जा सके।

### *(iii) यात्राओं को रद्द करना एवं पुनर्योजन करना*

*प्रथम प्रश्नावली का प्रश्न क्रमांक 6* और *दूसरी प्रश्नावली का प्रश्न क्रमांक 5* यात्राएं रद्द करने व पुनर्योजन के मामले में पर्यटकों की संतुष्टि को नोट करने के लिए शामिल किए गए थे। आलीशान रेलगाड़ियों के 34.6% कर्मचारियों ने बताया कि पर्यटक संतुष्ट हैं। इसके विपरीत, 52.8% ट्रैवल एजेंटों ने पर्यटकों को यात्रा रद्द करने व पुनर्योजन से असंतुष्ट होना बताया। हालांकि कर्मचारियों और ट्रैवल एजेंटों की प्रतिक्रियाओं में अंतर है, अतः यह अनुशंसित है कि यात्रा रद्द करने व पुनर्योजन का जल्द से जल्द समाधान किया जाए। भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों के रद्दीकरण व पुनर्योजन दरों को रोकने के उपाय सीधे तौर पर व्यस्तता के स्तर से जुड़े हैं, क्योंकि यह देश में रेलगाड़ियों के रद्द होने व पुनर्योजन के प्राथमिक कारणों में से एक है।

### *(iv) यात्रा कार्यक्रम विनिर्देश (पैसे का मूल्य)*

*पहली प्रश्नावली में प्रश्न संख्या 8* और *दूसरी प्रश्नावली में प्रश्न संख्या 7* के द्वारा कर्मचारियों व ट्रैवल एजेंटों से पूछा गया कि वे भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों के मौजूदा समय व मार्ग में आने वाले गंतव्यों के संबंध में पर्यटकों की संतुष्टि के स्तर का अनुमान लगाएं। इस पर 70.6% कर्मचारियों एवं 75% ट्रैवल एजेंटों ने कहा कि पर्यटक रेलगाड़ी की वर्तमान समय सारणी व परिपथ से संतुष्ट हैं। इन परिणामों की मौलिक वैधता की जांच करने के लिए, *तीसरे प्रश्नावली में प्रश्न संख्या 13* के द्वारा पर्यटकों से भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे वर्तमान कार्यक्रम, अवधि व परिपथ के प्रति उनकी स्वीकार्यता के बारे में पूछा गया। कुल मिलाकर, लगभग 83.4% पर्यटक वर्तमान यात्रा कार्यक्रमों से खुश थे। ये निष्कर्ष, समग्र रूप से, रेलगाड़ियों की समय सारणी एवं परिपथ के प्रति हितधारकों की सकारात्मक भावनाओं को दर्शाते हैं। इसी तरह, 74.6% यात्रारत पर्यटक, रेलगाड़ियों के मूल्य निर्धारण से संतुष्ट थे, उनमें से 84.7% पर्यटक प्रति माह 1500 अमेरिकी डॉलर (तालिका 20) से अधिक अर्जित करते हैं। इसके अलावा, कीमतों एवं अतिरिक्त यात्रारत सुविधाओं के संबंध में पर्यटकों द्वारा मोलभाव की उच्च दर (ग्राफ 16) भारतीय आलीशान रेलगाड़ी पैकेजों के कम 'पैसा वसूल' घटक को दर्शाती है। जैसा कि पूर्व में *विचारार्थ विषय 1 में* यह अनुशंसा की गई है कि भारत में आलीशान रेलगाड़ियाँ किसी भी यात्रा के तहत बिना किसी अतिरिक्त लागत के विकल्पों के प्रावधान पर जोर दें। उदाहरणार्थ, पर्यटकों को यात्रा में रेलगाड़ी के बाहर स्थानीय लोगों के साथ

ग्रामीण पाक कला सत्र में जुड़ना, बुनाई सत्र या ग्रामीण इलाकों (मिट्टी के बर्तनों, फेनी आदि) में स्वदेशी उत्पादों को तैयार करने का एक विकल्प दिया जा सकता है। विशिष्ट ग्राहक, यात्रा के लिए अधिक मूल्य का भुगतान करते समय, विभिन्न समय पर विभिन्न विकल्पों को क्षमतानुसार चुनना पसंद करते हैं। इसलिए, विकल्पों में विविधता जितनी अधिक होगी, पर्यटकों को पैसे के मूल्यानुसार पैकेज मिलने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। विलासिता का अनुभव काफी हद तक सह-यात्रियों और उनकी सामाजिकता पर भी निर्भर करता है। पारगमन के दौरान मनोरंजन के लिए, इंग्लैंड एवं यूरोप में चलने वाली बेलमंड ट्रेनें (वेनिस-सिम्पलोन ओरिएंट एक्सप्रेस एवं बेलमंड ब्रिटिश पुलमैन) पर्यटकों को अगाथा क्रिस्टी के उपन्यास (1934) और फिल्म (2017) से प्रेरित एक मर्डर मिस्ट्री गेम में शामिल करती हैं - 'मर्डर ऑन द ओरिएंट एक्सप्रेस', जहां एक जासूस संदिग्धों से पूछताछ करके हत्यारे की पहचान करता है। अब तक, ओरिएंट एक्सप्रेस की प्रसिद्धि के लिए 20 वीं सदी के शुरुआत का यह उपन्यास एक हद तक जिम्मेदार है। इसी तरह की गतिविधियाँ जिन्होंने भारत को विश्व मानचित्र पर उभारा है या ऐसी गतिविधियाँ जो भारतीय संस्कृति एवं रुचियों को चित्रित करती हैं, पर्यटकों के मध्य एक मैत्रीपूर्ण वातावरण बनाने हेतु, उन्हें भारतीय परिदृश्य में उनकी लंबी यात्रा पर व्यस्त रखने की दृष्टि से, तलाश करनी चाहिए। इसके अलावा, द घान, इंडियन पैसिफिक, वेनिस सिम्पलॉन ओरिएंट एक्सप्रेस जैसी आलीशान रेलगाड़ियाँ अपने आलीशान रेलगाड़ी पैकेज के हिस्से के रूप में क्रूज़ राइड्स, क्वांटास फ़्लायर पॉइंट्स (ऑस्ट्रेलियाई एयरलाइन) प्रदान करती हैं। भारत के संबंध में, राजस्थान में हॉट एयर बैलून राइड आदि को शामिल करने की संभावना देखनी चाहिए। इसके अलावा, आमतौर पर एक अतिरिक्त कीमत पर अनुकूलन सुविधा देकर इच्छुक पर्यटकों को यह बिना किसी परेशानी के अपनी छुट्टियों को बढ़ाने एवं बदलने में सक्षम बनाएगी। जबकि अनुकूलन सुविधा व विकल्पों एवं समावेशन के प्रावधान से मौजूदा यात्रा कार्यक्रम में सुधार होगा, मध्यवर्ती बुकिंग से प्रशासन को 'एक सफ़र, एक मार्ग, कई यात्रा' के कार्यान्वयन के माध्यम से बिना अतिरिक्त व्यय के छोटी एवं अधिक किफायती यात्रा शुरू करने में सहायता मिलेगी। हालांकि, यह अनुशंसा की जाती है कि जैसा ***विचारार्थ विषय 1 में चर्चा की गई*** है कि इस तरह की पहल को या तो अंतरराष्ट्रीय मार्ग मॉडल या तट-से-तट मार्ग मॉडल के तहत संचालित करना चाहिए।

### *(v) कार्यबल*

जैसा कि इलोरेंटा (2019) ने कहा है, विलासिता में विलक्षणता, रचनात्मकता एवं उत्कृष्टता शामिल है। जबकि लक्ज़री रेलगाड़ियों के विलक्षण एवं रचनात्मक दृष्टिकोण को यात्रा कार्यक्रम में गतिविधियों व पर्यटन स्थलों को शामिल करने तथा प्रदत्त आवास के प्रकार के माध्यम से कवर किया जाता है, उत्कृष्टता विशेष कार्य करने हेतु नियोजित कार्यबल से प्राप्त होती है। सामान्यतः यह माना जाता है कि विकासशील देश बेहतर सेवा (थिरुमरन और राघव, 2017) एवं मानक कर्मियों के रोजगार के प्रावधान के माध्यम से (विकसित देशों के साथ) बुनियादी ढांचे में कमी की पूर्ति करते हैं। ***तीसरी प्रश्नावली में प्रश्न क्रमांक 11*** के परिणाम इस धारणा को और पुष्ट करते हैं। सामान्य तौर पर, भारत में विशिष्ट सेवा प्रदाताओं को सहानुभूति, अनुकूलन क्षमता, संचार, भाषा, धैर्य, जिम्मेदारी, विशेषज्ञता एवं समय प्रबंधन पर विशेष बल देने के साथ विभिन्न ग्राहक सेवा कौशल में कुशलता की आवश्यकता है। वर्तमान परिदृश्य में, डेक्कन ओडिसी दुनिया की एकमात्र आलीशान रेलगाड़ी है जिसमें एक

पैराचिकित्सक ट्रेन में होता है। हालाँकि, ऐसे प्रावधानों को भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों के पूरे समूह में विस्तारित करने की आवश्यकता है, क्योंकि एक विदेशी पर्यटक के फूड पॉइज़निंग या पेट खराब होने (भोजन में अंतर के कारण) के शिकार होने की संभावना अधिक होती है। ***विचारार्थ विषय 1 के*** भाग के रूप में किए गए तुलनात्मक उत्पाद प्रोफ़ाइल विश्लेषण के आधार पर, यह नोट किया गया था कि बेलमंड ब्रिटिश पुलमैन (यूके में स्थित) पारगमन यात्रा प्रदान करता है, जिसका अद्वितीय बिक्री प्रस्ताव (यूएसपी) प्रशंसित मिशेलिन तारांकित (रेस्तरां) रसोइये द्वारा तैयार विश्व स्तर का नाश्ता/ दोपहर का भोजन/ रात्रि भोज परोसना है। इन मार्गों के आसपास की सभी प्रचार गतिविधियाँ आमंत्रित शेफ के नाम एवं ख्याति के आधार पर ही की जाती हैं। भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों में इसी तरह के प्रस्ताव तलाशे जा सकते है, जहां भारतीय व्यंजनों में विशेषज्ञता वाले देशी किन्तु विश्व स्तर पर प्रशंसित रसोइये द्वारा तैयार भोजन रेल यात्रा के दौरान परोसा जा सकता हो। इसके अलावा, आलीशान रेलगाड़ियों में मुख्यतः रेल यात्रा के दौरान आवास, यात्रा की संपूर्णता हेतु एक समर्पित बटलर/ चालक देने का वादा करता हो। मध्यवर्ती बुकिंग तथा 'एक सफ़र, एक रूट, एकाधिक यात्रा कार्यक्रम' पहल की शुरुआत के साथ, सक्षम कार्यबल की पहले से कहीं अधिक आवश्यकता होगी क्योंकि विभिन्न यात्रा कार्यक्रमों पर भिन्न-भिन्न पर्यटकों का एक साथ कुशलता पूर्वक आतिथ्य करने की आवश्यकता होगी।

### *4.1.3 विचारार्थ विषय 3 :*

#### *कम यात्री संख्या के प्रमुख कारण*

तीसरे विचारार्थ विषय का मुख्य उद्देश्य भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों में कम व्यस्तता के प्रमुख कारणों की पहचान करना था। अध्ययन हेतु निर्मित तीन प्रश्नावलियों में से प्रत्येक प्रश्नावली में कई प्रश्न शामिल किए गए थे (ए) यह जानने के लिए कि क्या इन रेलगाड़ियों में यात्री संख्या में कमी आ रही हैं या नहीं और (बी) कम यात्री संख्या होने के प्राथमिक कारणों की पहचान करने के लिए। उत्पाद प्रोफ़ाइल तुलना के तहत अंतराल की पहचान करने के लिए मौजूदा भारतीय प्रस्तावों की तुलना अन्य प्रसिद्ध आलीशान रेलगाड़ियों के साथ की गई।

***प्रश्न क्रमांक 7 (पहली प्रश्नावली) और प्रश्न क्रमांक 6 (दूसरी प्रश्नावली)***
*क्या आलीशान रेलगाड़ियों में बुकिंग कम यात्री संख्या का सामना कर रही है?*

यह 'हां' या 'नहीं' के विकल्पों के साथ एक 'सीमित प्रश्न' था। निष्कर्ष के तौर पर, 59.8% आलीशान रेलगाड़ियों के कर्मचारियों एवं 53.8% ट्रैवल एजेंटों ने पुष्टि की कि भारतीय आलीशान रेलगाड़ियाँ में यात्री संख्या में कमी आ रही है। हालांकि, आलीशान रेलगाड़ियों के 40.2% कर्मचारियों एवं 46.2% ट्रैवल एजेंटों जिनसे इस अध्ययन हेतु परामर्श किया था, उनका मानना था कि इन रेलगाड़ियों में पर्याप्त बुकिंग थी तथा वे यात्री संख्या में कमी का सामना नहीं कर रही थीं।

***प्रश्न क्रमांक 5 (पहली प्रश्नावली) और प्रश्न क्रमांक 4 (दूसरी प्रश्नावली)***
*यात्रा पूरी होने के दौरान तथा बाद में शिकायतों की दर क्या है?*

यह प्रश्न उन अन्य प्रश्नों में से एक था जो एक ही समय में एक या अधिक विचारार्थ विषयों को संतुष्ट करते थे।

*तालिका 9 व 10* में दिखाया गया है, इस अध्ययन हेतु परामर्श किए गए कुल कर्मचारियों में से 60.9% ने कहा कि उन्हें यात्रा के दौरान व बाद में कभी कोई शिकायत नहीं मिली। हालांकि, 36.8% कर्मचारियों एवं 55.6% ट्रैवल एजेंटों जिनसे अध्ययन हेतु परामर्श किया, ने बताया की कभी-कभी यात्रा के दौरान एवं यात्रा के बाद में शिकायतें प्राप्त हुईं। इस प्रकार, ये परिणाम, ट्रैवल एजेंटों और आलीशान रेलगाड़ियों के कर्मचारियों को प्राप्त शिकायतों की दर में अंतर दर्शाते हैं।

*प्रश्न संख्या 6 (पहली प्रश्नावली) और प्रश्न संख्या 5 (दूसरी प्रश्नावली)*

*क्या यात्रा रद्द/पुनर्योजन के मामले में पर्यटक संतुष्ट थे?*

यह प्रश्न उन अन्य प्रश्नों में से एक था जो एक ही समय में एक या अधिक विचारार्थ विषयों को संतुष्ट करते थे।

*तालिका 11 और 12* में दिखाया गया है, आलीशान रेलगाड़ियों के 19.2% कर्मचारियों तथा 13.2% ट्रैवल एजेंटों ने जोर देकर कहा कि पर्यटक यात्रा रद्द करने एवं पुनर्योजन से संतुष्ट हैं। हालांकि, इस अध्ययन हेतु परामर्श करने वालों में से 25.6% कर्मचारियों एवं 52.8 फीसदी ट्रैवल एजेंटों ने कहा कि पर्यटक यात्राओं के रद्द होने और पुनर्योजन से असंतुष्ट थे।

*प्रश्न क्रमांक 10 (तीसरी प्रश्नावली)*

***क्या आप आलीशान रेलगाड़ी के टिकट की कीमत से संतुष्ट हैं?***

यह प्रश्न उन अन्य प्रश्नों में से एक था जो एक ही समय में एक या अधिक विचारार्थ विषयों को संतुष्ट करते थे।

*तालिका 16 और चित्र 11* में दिखाया गया है, 74.6% पर्यटक आलीशान रेलगाड़ी टिकटों के मूल्य निर्धारण से संतुष्ट थे। जबकि 21.3% पर्यटक टिकट की कीमत से केवल 'थोड़े संतुष्ट' थे।

*प्रश्न संख्या 6 (तीसरी प्रश्नावली)*

*मासिक घरेलू आय (अमेरिकी डॉलर में, यात्रा और अन्य अनुभवों पर खर्च)*

भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों में यात्रा करने वाले लगभग 84.7% पर्यटकों की मासिक घरेलू आय 1500 अमेरिकी डॉलर से अधिक थी, जो उन्होंने यात्रा और अन्य अनुभवों पर खर्च की थी। यह कैरिबियन क्रूज में यात्रियों हेतु निर्दिष्ट मासिक आय के अनुपात में था (बिज़नेस रिसर्च एंड इकनोमिक एडवाइजर्स, 2018)। इसके विपरीत, इन रेलगाड़ियों में यात्रा करने वाले केवल 12.3% पर्यटकों की आय 1000 से 1500 अमेरिकी डॉलर के बीच थी।

आगे बढ़ते हुए, इस प्रश्न को यात्रा के लिए खर्च की गई मासिक घरेलू आय के आधार पर आलीशान रेलगाड़ी टिकटों के मूल्य निर्धारण के साथ पर्यटकों के संतुष्टि स्तर को प्राप्त करने के लिए *तीसरी प्रश्नावली के प्रश्न क्रमांक 10 के साथ संलग्न कर दिया गया* ।

***तालिका 20: मासिक घरेलू आय के आधार पर आलीशान रेलगाड़ी के टिकटों के मूल्य निर्धारण से पर्यटकों की संतुष्टि***

| मासिक घरेलू आय | बिल्कुल संतुष्ट नहीं | थोड़ा संतुष्ट | मध्यम संतुष्ट | पूर्ण संतुष्ट | अत्यधिक संतुष्ट |
|---|---|---|---|---|---|
| 1000 अमेरिकी डॉलर से कम | 0% | 0% | 1.3% | 1.7% | 0% |
| 1000 - 1500 अमरीकी डालर | 0.4% | 0.4% | 3.4% | 4.7% | 3.4% |
| 1500 अमरीकी डालर से अधिक | 0.9% | 2.2% | 15.5% | 40.9% | 25% |




***चित्र :15 मासिक घरेलू आय के आधार पर आलीशान रेलगाड़ी टिकटों के मूल्य निर्धारण से पर्यटकों की संतुष्टि***

तालिका 20 में दिखाया गया है, यात्रा के लिए खर्च किए गए 1500 अमरीकी डालर से अधिक की घरेलू आय वाले 40.9% पर्यटक आलीशान रेलगाड़ी टिकटों के मूल्य निर्धारण से 'पूर्ण संतुष्ट' थे। इसी तरह, समान घरेलू आय वाले अन्य 25% पर्यटक रेलगाड़ियों के मूल्य निर्धारण से 'अत्यधिक संतुष्ट' पाए गए।

### *निष्कर्ष एवं अनुशंसाएं*

तीसरी विचारार्थ विषय में भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों में कम यात्री संख्या के प्रमुख कारणों की पहचान की गई। इसके लिए पहले यह जानना जरूरी था कि ट्रेनें कम यात्री संख्या का सामना कर रही हैं या नहीं। प्रत्येक प्रश्नावली में दो परस्पर जुड़े हुए प्रश्न शामिल थे, जिनमें से पहले और दूसरे प्रश्नावली में कर्मचारियों और ट्रैवल एजेंटों से पूछा गया था कि क्या वे मानते हैं कि रेलगाड़ियों में यात्री संख्या में कमी की दर बढ़ रही हैं। इसके बाद, तीसरी प्रश्नावली में पर्यटकों से प्रश्न में पूछा गया कि यदि वे ऐसा मानते हैं कि भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों में सवारियों की संख्या में कमी आ रही है तो इसके पीछे तीन संभावित कारण बताएं।

लगभग 59.8% लक्ज़री रेलगाड़ी कर्मचारी और 53.8% ट्रैवल एजेंट मानते हैं कि भारतीय लक्ज़री ट्रेनें यात्री संख्या के निचले स्तर के करीब हैं। इसके विपरीत, 40.2 प्रतिशत कर्मचारियों और 46.2 प्रतिशत ट्रैवल एजेंटों ने, जिनसे अध्ययन के लिए परामर्श किया ने बताया कि आलीशान रेलगाड़ी की कुल बुकिंग संख्या में कोई गिरावट नहीं आई है।

जिन पर्यटकों ने आलीशान रेलगाड़ी बुकिंग में गिरावट को महसूस किया, उन्हें तीन संभावित कारण बताते हुए अपनी प्रतिक्रिया का समर्थन करने के लिए कहा गया। सर्वाधिक बताये गये कारण निम्नानुसार थे:

- ✓ विशेष रूप से घरेलू पर्यटकों के लिए कम या संभवतः कोई विज्ञापन नहीं,
- ✓ घरेलू पर्यटकों के लिए महंगा किराया/पैकेज लागत
- ✓ सेवा की गुणवत्ता / अनुभव
- ✓ आर्थिक मंदी
- ✓ घरेलू पर्यटक इन रेलगाड़ियों में लंबी यात्राओं से थक जाते हैं
- ✓ रद्दीकरण एवं समय सारणी में बदलाव प्रमुख चिंताएं हैं

### *(i) समग्र पर्यटक अनुभव (पैसे का मूल्य)*

***प्रथम प्रश्नावली के प्रश्न क्रमांक 5*** और ***दूसरी प्रश्नावली में प्रश्न संख्या 4*** को इस तरह से तैयार किया गया था कि वे एक ही समय में कई विचारार्थ विषयों को पूरा कर सकें। यात्रा के दौरान और बाद में शिकायतों की दर जानने के लिए आलीशान रेलगाड़ियों के कर्मचारियों तथा ट्रैवल एजेंटों से प्रश्न पूछे गये थे। 36.8% कर्मचारियों व 55.6% ट्रैवल एजेंटों ने बताया कि उन्हें पर्यटकों से 'कभी-कभी/ शायद कभी' शिकायतें मिलीं। यह अवलोकन यानी शिकायतों की दर संभवतः भारत की आलीशान रेलगाड़ियों में कम यात्री संक्या का एक कारण हो सकती है, क्योंकि इससे पता चलता है कि पर्यटक नाखुश रहे। इस तथ्य को देखते हुए कि ट्रैवल एजेंटों को कर्मचारियों की तुलना में अधिक शिकायतें मिलीं, बुकिंग वेबसाइटों, अनुभव की गुणवत्ता, पैसे के लिए मूल्य, यात्रा कार्यक्रम जैसे प्रासंगिक मुद्दों के कारण होना लगता है, न कि यात्रागत कमियों द्वारा प्रदाय की जा रही सेवा (आतिथ्य) के लिए। जैसा कि पहले ***विचारार्थ विषय 1*** और ***विचारार्थ विषय 2*** के तहत उल्लेख किया गया है, कि 'पैसे का मूल्य' घटक को कई प्रस्तावों के द्वार बेहतर बनाया जा सकता है जैसे कि अंतरराष्ट्रीय मार्गों, तट से तट के मार्ग के प्रावधान के साथ-साथ, मध्यवर्ती बुकिंग, अनुकूलन, जैसी विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला (ऑफ रेलगाड़ी गतिविधियों के लिए) को शामिल करना आदि।

### *(ii) यात्राओं का रद्दीकरण और पुनर्योजन*

***प्रथम प्रश्नावली के प्रश्न क्रमांक 6*** और ***दूसरी प्रश्नावली में प्रश्न संख्या 5*** भी ऐसे प्रश्नों में शामिल थे जो एक ही समय में एक या अधिक विचारार्थ विषयों को संतुष्ट करते थे। इस विशेष मामले में, इसका कारण यह जांचना था कि क्या रद्दीकरण एवं यात्राओं का पुनर्योजन किसी तरह भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों में कम यात्री संख्या का एक कारण था। नतीजे बताते हैं कि 25.6% कर्मचारियों और 52.8% ट्रैवल एजेंटों का मानना था कि आलीशान रेलगाड़ियों के रद्द होने और पुनर्योजन ने पर्यटकों को 'असंतुष्ट' कर दिया। अब जबकि देश में कुछ समय से शाही ट्रेनें चल रही हैं, हमें रेलगाड़ियों में यात्री संख्या में कमी व रेलगाड़ी रद्दीकरण का, एक दुसरे पर निर्भरता एवं एक दुसरे से

जुड़ाव का आपस में सीधा सम्बन्ध है। दूसरे शब्दों में, इन रेलगाड़ियों में कम यात्री संख्या के कारण, प्रस्थान या तो रद्द कर दिया जाता है या किसी अन्य तिथि पर पुनर्योजित किया जाता है। उसी तरह, इन रद्दीकरणों के कारण ही भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों में बुकिंग और यात्री संख्या कम होती है। ***विचारार्थ विषय 1 के*** भाग के रूप में किए गए तुलनात्मक उत्पाद प्रोफ़ाइल विश्लेषण से पता चला है कि दुनिया भर में आलीशान रेलगाड़ियों में मुख्यतः साल भर में कम से कम एक विशिष्ट यात्रा/ यात्रा कार्यक्रम/ पैकेज की पेशकश की जाती है। यह विशिष्ट यात्रा, ज्यादातर मामलों में एक दीर्घ मार्गी यात्रा है (जैसे तट-से-तट) जिसमे मध्यवर्ती बुकिंग के माध्यम से कई लघु यात्राओं का समावेश है, जिससे कम यात्री संख्या की संभावना सीमित हो जाती है। जबकि विशिष्ट यात्रा लगभग पूरे वर्ष संचालित होती हैं, लघु यात्राएं/यात्राएं, मौसम व महीने के अनुसार बदलती रहती हैं। हालाँकि, दुनिया भर में शाही ट्रेनें मुख्यतः फरवरी से दिसंबर के मध्य संचालित होती हैं, जनवरी माह में कोई संचालन नहीं होता है। मौसमी पहलू को ध्यान में रखते हुए, आलीशान ट्रेनें या तो उस माह हेतु उपयुक्त पैकेज प्रस्तुत करती हैं या अपने मुख्य पैकेज में आवश्यक बदलाव करती हैं। उदाहरण के लिए, गोल्डन ईगल की विशिष्ट यात्रा में से एक यानी ट्रांस-साइबेरियन एक्सप्रेस मई से सितंबर के महीने में संचालित की जाती है। हालांकि, सर्दियों के लिए उसी यात्रा को तदनुसार बदल दिया जाता है (सर्दियों के लिए रेलगाड़ी से बाहर की गतिविधियों आदि में परिवर्तन किए जाते हैं) एवं सिल्क रोड व आर्कटिक एक्सप्लोरर जैसी नई यात्राएं परिवर्तित ट्रांस-साइबेरियन एक्सप्रेस के साथ प्रस्तुत की जाती हैं। रूस के विपरीत, ऑस्ट्रेलियाई लक्ज़री ट्रेनें बिना किसी बदलाव के पूरे साल एक ही तट-से-तट यात्रा की पेशकश करती हैं, क्योंकि इसमें शामिल पर्यटक स्थल सभी मौसमों में देखने योग्य होते हैं। वे मध्यवर्ती बुकिंग के माध्यम से लगातार यात्री संख्या के स्तरों की पूर्ति हेतु प्रबंधन करते हैं। एक महीने में कई यात्राओं (मार्गों) एवं कई बार प्रस्थानों की पेशकश करते हुए, यह अनुशंसा की जाती है कि भारतीय शाही ट्रेनें विशिष्ट यात्राएं प्रारंभ करें (अधिमानतः दीर्घ एवं सभी मौसमों हेतु परिवर्तनशील) जिसमें कई लघु यात्राओं (मध्यवर्ती बुकिंग के माध्यम से) की भी पेशकश की जा सकती है।

### *(iii) प्रतिबंधित / सीमित लक्ष्य बाजार*

***तीसरी प्रश्नावली में प्रश्न क्रमांक 6 के*** उत्तर से पता चलता है कि भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों में यात्रा करने वाले 84.7% पर्यटकों की मासिक आय 1500 अमरीकी डालर से अधिक थी जो कि विशिष्ट यात्रा एवं अन्य अनुभवों पर खर्च की गई थी। इसके बाद, ***तीसरी प्रश्नावली में प्रश्न संख्या 6 व 10*** को रेलगाड़ियों के मूल्य निर्धारण के साथ पर्यटकों के संतुष्टि स्तर (उनकी मासिक घरेलू आय के आधार पर) का अनुमान लगाने के लिए जोड़ दिया गया था। सामूहिक रूप से, यात्रा पर खर्च किए गए 1500 अमेरिकी डॉलर से अधिक की मासिक आय वाले 65.9% पर्यटक, आलीशान रेलगाड़ी टिकटों के मूल्य निर्धारण से संतुष्ट थे। दूसरी ओर, 1000 से 1500 अमरीकी डालर के मासिक खर्च वाले केवल 8.1% पर्यटक टिकटों की कीमत से संतुष्ट थे। ये परिणाम निम्नलिखित अवलोकनों हेतु लिए आधार के रूप में कार्य करते हैं: पहला, यात्रा अनुभवों हेतु व्यय करने वाले 1000 से 1500 अमरीकी डालर की मासिक आय वाले पर्यटक, सीमित संख्या में भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों में यात्रा करते हैं। दूसरा, उस श्रेणी में आने वाले पर्यटकों का केवल एक छोटा प्रतिशत ही आलीशान रेलगाड़ीयों के टिकटों के मूल्य निर्धारण से संतुष्ट था। हालांकि ये ट्रेनें उच्च आय स्तर वाले पर्यटकों को लक्षित करती हैं,

लेकिन अनुकूलित एवं मध्यवर्ती बुकिंग के माध्यम से नए उत्पादों को पेश करने हेतु एक अभूतपूर्व गुंजाइश प्रतीत होती है, जो उन पर्यटकों की आवश्यकता की पूर्ति कर सकती है एवं लक्षित कर सकती हैं जिनकी आय 1000 से 1500 अमरीकी डालर यात्रा के मध्य है को इस तरफ मोड़ा जा सकता है।

### *(iv) जटिल बुकिंग प्रक्रिया*

प्रसिद्ध आलीशान रेलगाड़ियों के लिए हमारे द्वितीयक शोध में एक और ध्यान देने योग्य कारक बुकिंग में आसानी थी। बुकिंग एक सामूहिक/ आम वेबसाइट के माध्यम से की गई थी यानी किसी देश की सभी आलीशान रेलगाड़ियों के लिए एक ही वेबसाइट से बुकिंग की गई, ऑस्ट्रेलियाई आलीशान रेलगाड़ियों के मामले में यह काफी स्पष्ट था, जबकि देश में चार आलीशान रेलगाड़ियों का संचालन होता है, द घान, इंडियन पैसिफिक, द ओवरलैंड और ग्रेट सदर्न, इन सभी आलीशान रेलगाड़ीयों की बुकिंग एक ही वेबसाइट से होती है, जिसका रखरखाव जर्नी बियॉन्ड ग्रुप द्वारा किया जाता है। इसे एक संदर्भ बिंदु के रूप में लेते हुए, यह अनुशंसा की जाती है कि एक प्रामाणिक व भरोसेमंद वेबसाइट बनाई जाए जिससे सभी भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों की बुकिंग की जा सके। जबकि IncredibleIndia.org सभी भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों के स्थान का उल्लेख करता है, किन्तु यह ऐसे पर्यटक की बुकिंग प्रक्रिया को आसान नहीं बनाता है जो एक समृद्ध अनुभव तलाश रहा हो। इस अनुशंसा को आगे ***पहली प्रश्नावली में प्रश्न संख्या 5 के*** और ***दूसरी प्रश्नावली में प्रश्न संख्या 4*** के निष्कर्षों द्वारा समर्थित किया गया है। वर्तमान परिदृश्य में, भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों (महाराजा एक्सप्रेस के अलावा) की प्रामाणिक एवं आधिकारिक वेबसाइटों के बारे में कोई स्पष्टता नहीं है। डेक्कन ओडिसी (महाराष्ट्र पर्यटन विकास निगम) एवं पैलेस ऑन व्हील्स (राजस्थान पर्यटन विकास निगम) जैसे राज्य पर्यटन बोर्डों द्वारा चलाई जाने वाली ट्रेनें में पर्यटकों को बुकिंग हेतु एक प्रामाणिक व अद्यतन वेबसाइट की तलाश अत्यंत मुश्किल बना देती हैं। इसलिए, यह स्पष्ट अनुशंसा की जाती है कि इन रेलगाड़ियों को चलाने वाले संगठन के बावजूद, सभी भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों की बुकिंग एवं जानकारी के लिए एक भरोसेमंद सार्वजानिक वेबसाइट निर्मित व संचालित की जाये। इसके अलावा, यह सुनिश्चित किया जाए महत्वपूर्ण है कि प्रत्येक रेलगाड़ी की अपनी एक व्यक्तिगत व सत्यापित सोशल नेटवर्किंग उपस्थिति हो। इस तरह की पहल से पर्यटकों के बुकिंग अनुभव में एक निवारक के रूप में कार्य करने वाले बिचौलियों की संख्या कम हो जाएगी।

### *4.1.4 विचारार्थ विषय 4:*

***बाजार की मांग / विचार***

इस विचारार्थ विषय का मुख्य उद्देश्य भारत के मौजूदा आलीशान-रेलगाड़ी उत्पादों के लिए जिम्मेदार मांग की बारीकियों को समझना था। यह संभावित बाजारों की बेहतर पहचान करने और भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों की सभी स्थितयों में सुधार हेतु था। इस उद्देश्य के लिए प्रत्येक प्रश्नावली में अलग-अलग प्रश्न शामिल किए गए थे। इसके अलावा, इन प्रश्नों को सेवा प्रदाताओं को लक्ष्य करके तैयार किया गया था क्योंकि वे पर्यटकों की मांग एवं विचारों के नजदीकी पर्यवेक्षक थे। उत्पाद प्रोफ़ाइल की तुलना में अंतर की पहचान करने के लिए मौजूदा भारतीय प्रस्तावों की तुलना अन्य प्रसिद्ध आलीशान रेलगाड़ियों के साथ की गई थी।

***प्रश्न संख्या 4 (पहली प्रश्नावली) और प्रश्न संख्या 3 (दूसरी प्रश्नावली)***

*क्या पर्यटक हमेशा टिकट की कीमत एवं यात्रा के दौरान अतिरिक्त सेवाओं की मांग के लिए मोलभाव करते हैं?*

लक्ज़री रेलगाड़ी के कर्मचारियों तथा ट्रैवल एजेंटों द्वारा इस प्रश्न के उत्तर पाँच-बिंदु लिकर्ट पैमाने पर आधारित थे एवं तालिका 21 व चित्र 16 में दिए गए हैं :

***तालिका 21: टिकट की कीमतों और यात्रा के दौरान अतिरिक्त सेवाओं के लिए पर्यटक मोलभाव की दर (आलीशान रेलगाड़ियों के शासी निकाय और ट्रैवल एजेंटों के कर्मचारियों के अनुसार)***

| | बिल्कुल नहीं | ज़रुरी नहीं | संतुलित | कुछ हद तक | अत्यधिक |
|---|---|---|---|---|---|
| कर्मचारी | 6.2% | 23.5% | 11.1% | 35.8% | 23.5% |
| ट्रेवल एजेंट | 13.2% | 13.2% | 30.2% | 32.1% | 11.3% |




***चित्र 16: पर्यटक मोलभाव की दर एवं टिकट की कीमत व यात्रा के दौरान अतिरिक्त सेवाओं की मांग (आलीशान रेलगाड़ियों के शासी निकाय एवं ट्रैवल एजेंटों के कर्मचारियों के अनुसार)***

इस अध्ययन हेतु सभी आलीशान रेलगाड़ी के कर्मचारियों एवं ट्रैवल एजेंटों से किये गए परामर्श के अनुसार 35.8% कर्मचारी एवं 32.1% ट्रैवल एजेंट 'कुछ हद तक' चुनकर इस कथन पर सहमत हुए। कुल मिलाकर, आलीशान रेलगाड़ी के लगभग 59.3% कर्मचारियों के साथ-साथ 43.4% ट्रैवल एजेंटों ने जोर देकर कहा कि पर्यटक अक्सर टिकट की कीमतों के साथ-साथ यात्रा के दौरान अतिरिक्त सेवाओं के लिए मोलभाव करते हैं।

***प्रश्न क्रमांक 9 (पहली व दूसरी प्रश्नावली)***

आलीशान रेलगाड़ियों के प्रश्नों में से, क्या आप पर्यटकों के विवरण को उनकी आय के स्तर (यात्रा के लिए खर्च), उम्र और वैवाहिक स्थिति के आधार पर अलग-अलग कर सकते हैं?

आलीशान रेलगाड़ियों के कर्मचारियों द्वारा दी गई प्रतिक्रियाएँ इस प्रकार थीं:

***तालिका 22: आय स्तर, आयु और वैवाहिक स्थिति के आधार पर पर्यटकों का वर्गीकरण (आलीशान रेलगाड़ियों के शासी निकाय के कर्मचारियों के अनुसार)***

| | | | | पर्यटकों की आयु | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 20 से नीचे | 20 - 40 | 40 से अधिक |
| पर्यटकों की आय का स्तर (यात्रा पर खर्च) | 1000 अमरीकी डालर से कम | पर्यटकों की वैवाहिक स्थिति | विवाहित | 0% | 0% | 0% |
| | | | अविवाहित | 0% | 0% | 0% |
| | | | अन्य | 0% | 0% | 0% |
| | 1000 -1500 अमरीकी डालर | | विवाहित | 0% | 7.1% | 11.4% |
| | | | अविवाहित | 0% | 0% | 1.4% |
| | | | अन्य | 0% | 0% | 0% |
| | 1500 अमरीकी डालर से ऊपर | | विवाहित | 0% | 2.9% | 72.9% |
| | | | अविवाहित | 0% | 0% | 0% |
| | | | अन्य | 0% | 0% | 4.3% |

आलीशान रेलगाड़ियों के संचालन निकाय के कर्मचारियों द्वारा प्राप्त पूछताछ के आधार पर, 72.9% पर्यटक 40 वर्ष से अधिक उम्र, शादीशुदा व 1500 अमरीकी डालर से अधिक की आय वाले थे। दूसरी ओर केवल 11.4% पर्यटक 40 वर्ष से अधिक उम्र, शादीशुदा व 1000 से 1500 अमरीकी डालर से अधिक की आय वाले थे।

***तालिका 23: आय स्तर, आयु एवं वैवाहिक स्थिति के आधार पर पर्यटकों का वर्गीकरण (ट्रैवल एजेंटों के अनुसार)***

| | | | | पर्यटकों की आयु | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 20 से नीचे | 20 - 40 | 40 से ऊपर |
| पर्यटकों की आय का स्तर (यात्रा पर खर्च) | 1000 अमरीकी डालर से कम | पर्यटकों की वैवाहिक स्थिति | विवाहित | 0% | 0% | 0% |
| | | | अविवाहित | 0% | 0% | 0% |
| | | | अन्य | 0% | 0% | 0% |
| | 1000 -1500 अमरीकी डालर | | विवाहित | 0% | 2% | 4% |
| | | | अविवाहित | 0% | 0% | 0% |
| | | | अन्य | 0% | 0% | 0% |
| | 1500 अमरीकी डालर से अधिक | | विवाहित | 0% | 34% | 54% |
| | | | अविवाहित | 0% | 4% | 2% |
| | | | अन्य | 0% | 0% | 0% |

ट्रैवल एजेंटों से प्राप्त उत्तरों के आधार पर, 54% पर्यटक 20 से 40 वर्ष की उम्र वाले, शादीशुदा व 1500 अमरीकी डालर से अधिक की आय वाले थे। दूसरी ओर, 34% पर्यटक 20 से 40 वर्ष की उम्र वाले, शादीशुदा व 1500 अमरीकी डालर से अधिक की आय, जो कि विशिष्ट यात्रा व अन्य अनुभवों के लिए खर्च की गई थी वाले पर्यटकों को पृथक किया।

***प्रश्न संख्या 2, 6 और 7 (तीसरी प्रश्नावली)***

*आयु, आय एवं वैवाहिक स्थिति*

***तालिका 24: भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों में यात्रा करने वाले पर्यटकों की प्रोफाइल***

| | | | | पर्यटकों की आयु | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 20 से कम | 20 - 40 | 40 से अधिक |
| पर्यटकों की आय का स्तर (यात्रा पर खर्च) | 1000 अमरीकी डालर से कम | पर्यटकों की वैवाहिक स्थिति | विवाहित | 0.0% | 0.8% | 0% |
| | | | अविवाहित | 0.0% | 0.8% | 0.4% |
| | | | अन्य | 0.0% | 0.4% | 0.4% |
| | 1000 -1500 अमरीकी डालर | | विवाहित | 0.0% | 2.4% | 3.7% |
| | | | अविवाहित | 0.8% | 1.6% | 2.0% |
| | | | अन्य | 0% | 0.8% | 0.4% |
| | 1500 अमरीकी डालर से अधिक | | विवाहित | 0% | 5.7% | 45.9% |
| | | | अविवाहित | 1.6% | 6.5% | 8.9% |
| | | | अन्य | 0% | 0.8% | 4.9% |

***तीसरी प्रश्नावली में प्रश्न संख्या 2, 6 और 7*** को एक साथ जोड़ा गया था ताकि भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों में यात्रा करने वाले पर्यटकों के प्रकार को समझा जा सके। इससे वर्तमान बाजार प्रोफाइल के कर्मचारी और ट्रैवल एजेंट अनुमानों को मान्य करने में मदद मिली। कुल पर्यटकों में से लगभग 59.7% 40 वर्ष से अधिक आयु के थे जो यात्रा पर 1500 अमेरिकी डॉलर से अधिक आय स्तर के समान व्यय करते हैं।

कर्मचारियों एवं ट्रैवल एजेंटों के समान, उन घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों हेतु जिन्होंने भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों की सेवाओं का अनुभव किया था के सर्वेक्षण हेतु तीसरी प्रश्नावली में तीन अलग-अलग प्रश्न शामिल किए गए थे। इन प्रश्नों, ***तीसरी प्रश्नावली में प्रश्न संख्या 8, 11 और 12*** के उत्तर क्रमशः तालिका 15, 17 और 18 में दिए गए हैं।

***निष्कर्ष एवं अनुशंसाएं***

चतुर्थ विचारार्थ विषय आलीशान रेलगाड़ियों की बाजार की मांगों व विचारों के बारे में था। इसने भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों के मौजूदा उत्पादों से जुड़ी मांग की बारीकियों को समझने में सहायता की। इस उद्देश्य के लिए, सभी तीनों प्रश्नावलियों में कई प्रश्न शामिल किए गए थे।

***(i) नवीन बाजार क्षेत्रों की तलाश***

***प्रथम प्रश्नावली में प्रश्न संख्या 4*** एवं ***दूसरी प्रश्नावली में प्रश्न संख्या 3*** को मिलाकर यह जानने का प्रयास किया कि क्या संभावित पर्यटकों ने टिकट की कीमतों के लिए मोलभाव किया एवं यात्रा के दौरान अतिरिक्त सेवाओं की मांग की। कुल मिलाकर, लगभग 59.3% लक्ज़री रेलगाड़ी कर्मचारियों के साथ-साथ 43.4% ट्रैवल एजेंटों ने जोर देकर कहा कि पर्यटक अक्सर टिकट की कीमतों के लिए मोलभाव करते हैं तथा साथ ही यात्रा के दौरान अतिरिक्त सेवाओं की मांग करते हैं। इसके अलावा, 77.2% कर्मचारियों और 56% ट्रैवल एजेंटों ने पहली और ***दूसरी प्रश्नावली में प्रश्न संख्या 9 के***

***माध्यम*** से बताया कि 40 वर्ष से अधिक उम्र के साथ 1500 अमेरिकी डॉलर से अधिक की मासिक घरेलू आय वाले उन पर्यटकों ने आलीशान रेलगाड़ी के बारे में पूछताछ की जो यात्रा एवं अन्य अनुभवों से निर्देशित थे। इस अनुमान को मान्य करने के लिए, ***तीसरी प्रश्नावली में प्रश्न संख्या 2, 6 और 7 को*** एक साथ जोड़ा गया था। कर्मचारी/ट्रैवल एजेंट वर्गीकरण के अनुरूप, भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों में यात्रा करने वाले 59.7% पर्यटक 40 वर्ष से अधिक आयु के पाए गए, जिनकी मासिक घरेलू आय 1500 अमेरिकी डॉलर से अधिक थी जो यात्रा पर खर्च की गई थी। तार्किक रूप से, यह संभावना कम है कि ऐसे आय स्तर के पुनर्निर्देशन वाले पर्यटक टिकट की कीमतों एवं यात्रा के दौरान अतिरिक्त सेवाओं की मांग के लिए मोलभाव करेंगे। इसलिए, ये निष्कर्ष सामूहिक रूप से भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों द्वारा प्रस्तुत की जा रही सुविधाओं के अनुपात में अधिक मूल्य को दर्शाते हैं। इसके अलावा, मौजूदा पर्यटक प्रोफ़ाइल सीमित बाजार (1500 अमरीकी डालर से अधिक की आय पुनर्निर्देशन के साथ 40 वर्ष से अधिक आयु) को दर्शाती है, जिसका भारतीय आलीशान ट्रेनें वर्तमान में अनुसरण कर रही हैं। इसका मतलब यह है कि भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों को विभिन्न आयु वर्ग के पर्यटकों, विशेष रूप से 20 से 40 वर्ष की आयु के अविवाहित पर्यटकों के बीच मध्यम आय पुनर्निर्देशन स्तरों के बीच प्रचारित करने की अधिक आवश्यकता है।

### *(ii) बेहतर प्रचार रणनीतियाँ*

***तीसरी प्रश्नावली में प्रश्न संख्या 8, 11 और 12*** को इस तरह से तैयार किया गया था कि वे एक ही समय में कई विचारार्थ विषयों की पूर्ति करते हों। इन सवालों ने पर्यटकों में जागरूकता के स्तर, रेलगाड़ियों के सुरक्षा मानकों के साथ उनकी संतुष्टि एवं आलीशान रेलगाड़ी यात्राओं में अवधि की स्वीकार्यता को तलाश करने की कोशिश की। हालांकि पर्यटक इन रेलगाड़ियों की अवधि एवं सुरक्षा मानकों से संतुष्ट थे, किन्तु 49% पर्यटकों को पेश किए जा रहे उत्पादों के बारे में केवल थोड़ी सी जानकारी थी। इससे स्पष्ट है कि भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों के और प्रचार की आवश्यकता है, ताकि क्रय दर व पर्यटक यातायात दर में वृद्धि हो सके। जैसा कि पहले ***विचारार्थ विषय 2 के तहत उल्लेख किया गया है,*** वृत्तचित्रों एवं फिल्मों के माध्यम से प्रचार के अवसरों का पता लगाने की आवश्यकता है क्योंकि उनका पर्यटकों पर स्थायी प्रभाव पड़ता है।

### *(iii) रेलगाड़ी और ढांचागत सुधार*

प्रथम विचारार्थ विषय के भाग के रूप में की गई आलीशान रेलगाड़ियों की उत्पाद प्रोफ़ाइल तुलना के आधार पर, प्रसिद्ध आलीशान रेलगाड़ियों का एक उल्लेखनीय पहलू है रेलगाड़ी के कई डिब्बों तक व्हीलचेयर की पहुंच होना। इस तरह की सुविधाएं विशेष जरूरतों वाले पर्यटकों को यात्रा का शानदार अनुभव देने में मदद करती हैं। आलीशान रेलगाड़ियों में विशालदर्शी व प्रेक्षणात्मक यानों को शामिल करना भी उल्लेखनीय था। दुनिया की आलीशान रेलगाड़ियों में एक और ध्यान देने योग्य कारक यह था कि वे सभी अटूट ऑन-बोर्ड वाई-फाई सुविधा, व्हील चेयर की पहुँच, लाइव संगीत एवं प्रेक्षणात्मक यानों से सुसज्जित थीं। इसके अलावा, सभी हितधारकों को ***पहली प्रश्नावली में प्रश्न संख्या 11, दूसरी प्रश्नावली में प्रश्न संख्या 10*** और ***तीसरी प्रश्नावली में प्रश्न संख्या 17 के*** माध्यम से आलीशान रेलगाड़ियों की बेहतरी के लिए सुझाव देने के लिए कहा गया था। उत्पाद विवरण विश्लेषण के भाग के

रूप में उल्लिखित अवसरों के साथ सबसे अधिक बार प्राप्त अनुशंसाएं यात्रा के दौरान बेहतर वाई-फाई सुविधाएं, कक्ष में सेवा, चिकित्सा सहायता, कुशलता और सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए; भारतीय रेलवे के साथ बेहतर सहायता एवं समन्वय; अत्यधिक शोर व खड़खड़ाहट को कम करने के लिए आईसीएफ कोचों को एलएचबी कोचों से बदलना; खाद्य पदार्थों की स्वच्छता व गुणवत्ता में सुधार; आवास हेतु कम से कम 3 अलग-अलग वर्गों का संचालन ***(विचारार्थ विषय 8 के तहत व्यापक रूप से चर्चा की गई);*** और यात्रारत मेहमानों के स्वागत के लिए एक समर्पित प्रतीक्षा क्षेत्र बनाना। आलीशान रेलगाड़ियां अपने अतिथियों का स्वागत करने के लिए उन्हें या तो किसी होटल में बुलाती हैं या रेलवे स्टेशन पर एक पृथक प्रतीक्षालय में।

### *4.1.5 विचारार्थ विषय 5:*

***रेलगाड़ी संचालन की समय सारणी (अवधि/सैर/परिपथ आदि)***

इस विचारार्थ विषय का प्राथमिक उद्देश्य भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों द्वारा पेश किए जा रहे वर्तमान परिपथ, अवधि एवं यात्राओं की पर्यटकों में स्वीकार्यता का अध्ययन करना था। इस उद्देश्य के लिए प्रत्येक प्रश्नावली में कई प्रश्न शामिल किए गए थे। उत्पाद प्रोफ़ाइल तुलना के तहत अंतर की पहचान करने के लिए वर्तमान भारतीय प्रस्तावों की तुलना अन्य प्रसिद्ध आलीशान रेलगाड़ियों के प्रस्तावों के साथ की गई थी।

***प्रश्न संख्या 8 (पहली प्रश्नावली) तथा प्रश्न संख्या 7 (दूसरी प्रश्नावली)***

*क्या पर्यटक इस रेलगाड़ी की समय सारणी एवं रास्ते में आने वाले पर्यटक स्थलों/परिपथों से संतुष्ट हैं?*

इस प्रश्न ने विचारार्थ विषय के दूसरे भाग के उद्देश्यों की पूर्ति करने में भी मदद की। अध्ययन हेतु परामर्श किए गए कर्मचारियों व ट्रैवल एजेंटों की प्रतिक्रिया को क्रमशः तालिका 13 और 14 में प्रस्तुत किया हैं। कुल मिलाकर, 70.6% कर्मचारियों तथा 75% ट्रैवल एजेंटों ने कहा कि पर्यटक वर्तमान समय-सारणी एवं रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले पर्यटक स्थलों से संतुष्ट हैं।

***प्रश्न संख्या 13 (तीसरी प्रश्नावली)***

*क्या इस रेलगाड़ी को चलाने की अवधि व समय सारिणी आपको स्वीकार्य है?*

इस प्रश्न के उत्तर तालिका 19 में दिए गए हैं। लगभग 83.4% पर्यटकों ने भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों की वर्तमान अवधि व समय-सारणी के प्रति स्वीकृति दिखाई। दूसरी ओर, 14.6% पर्यटकों ने मौजूदा मार्गों व समय सारणी पर 'तटस्थ' रुख बनाए रखा।

***निष्कर्ष एवं अनुशंसाएं***

***इस विचारार्थ विषय का उद्देश्य भारतीय आलीशान रेलगाड़ियों की वर्तमान समय सारणी, अवधि और परिपथ की स्वीकार्यता के बारे में थे। इन उद्देश्यों का दो प्रश्नों के माध्यम से आंकलन किया गया था।***

